आकाशवाणी शिमला
12.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मतगणना

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को हुए मतों की गणना कल 13 जुलाई को होगी। इसके लिए राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना सुबह 8 बजे से आरंभ होगी और मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी। हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना हमीरपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नालागढ़ में होगी। इसी तरह देहरा विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में की जाएगी। इन चुनाव परिणामों से तीन विधानसभा क्षेत्रों में 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल होगा।

निरीक्षण

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल देर रात शिमला के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के समीप भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को मुरम्मत कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्कुलर रोड शिमला शहर की जीवन रेखा है और स्थानीय लोगों व पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने ज़िला प्रशासन को मॉनसून के दौरान आपदा की स्थिति से निपटने और आपातकालीन स्थिति में तत्परता से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

समीक्षा बैठक

प्रदेश में होमस्टे और पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रस्तावित हिमाचल प्रदेश होमस्टे नियम 2024 का प्रस्ताव तैयार करने के उद्देश्य से गठित मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक आज शिमला में हुई। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपसमिति के सदस्यों, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रस्तावित प्रारूप तैयार करने के लिए बहुमूल्य सुझाव साझा किए। इस दौरान संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक विचार—विमर्श किया गया।

विद्युत नीति

केन्द्रीय नवीन और नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय लघु जलविद्युत नीति 2024 पर हितधारक परामर्श की विशेष कार्यशाला आज शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने की, जबकि ऊर्जा मंत्रालय के सचिव भूपिन्द्र एस. भल्ला इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश देश के अन्य राज्यों के लिए नए रास्ते दिखाए हैं और यहां पर सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। प्रबोध सक्सेना ने कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा पर कोई खर्च नहीं करती है बल्कि इन हाइड्रो पावर प्रोजैक्टों से सरकार को आय प्राप्त हो रही है। हितधारकों की इस कार्यशाला में प्लांट के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

वैबसाइट

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने आज सोलन में एक काउंसलिंग सेंटर की वैबसाइट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये वैबसाइट युवाओं के समग्र विकास व उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। विनय कुमार ने कहा कि वैबसाइट युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास के लिए सेवाएं प्रदान करेगी।

इससे पहले विधानसभा उपाध्यक्ष ने सिरमौर ज़िला के राजगढ़ में एक निजी होटल का उद्‌घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनी।

शिविर

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा ऊना ज़िला के अंब में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बाल विकास विभाग के ऊना ज़िला कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने की। केन्द्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर के प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत कार्ड और जननी सुरक्षा योजना के अलावा अन्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार द्वारा लागू किए गए तीन कानूनों के बारे में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया गया। शिविर के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई गई।

जागरूकता कार्यक्रम

केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से किन्नौर ज़िले के ब्रूआ गाँव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो शिमला इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, स्वच्छ भारत अभियान और एक भारत–श्रेष्ठ भारत अभियान योजनाओं पर निबंध, चित्रकला व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। केंद्रीय संचार ब्यूरो की शिमला इकाई के प्रभारी प्रकाश पंत ने छात्रों से केंद्र सरकार की इन अभिनव योजनाओं में उत्साहपूर्वक योगदान करने का आह्‌वान किया।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ–नमस्कार।